
लखनऊ विश्वविद्यालय
University of Lucknow
(Accredited A++ by NAAC)




# प्रधानमंत्री जी के जन्मोत्सव पर माननीय राज्यपाल महोदया द्वारा विश्वविद्यालय के गेट नंबर दो पर गौरव स्थल की स्थापना









# माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल जी का मुख्य द्वार पर आगमन









# फूलो समर्पित कर किया स्वागत



# गौरव स्थल के उद्घाटन के उपरांत ए पी सेन हॉल की ओर अग्रसर









# माननीय कुलपति प्रॉफ़ आलोक कुमार राय जी का स्वागत भाषण






## कार्यक्रम का शुभारंभ देश गीत एवं गुलगीत द्वारा किया गया



# मानानीय कुलाधिपति के कर कमलों द्वारा उम्मीद फाउंडेशन से पोषित बच्चों को भेट् दी गई








लखनऊ विश्वविद्यालय


लखनऊ विश्वविद्यालय
माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्म दिवस
के शुभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में
श्रीमती आनंदीबेन पटेल

# मानीया कुलाधिपति श्रीमती आनंदी बेन ने छात्र छत्राओ को स्मार्ट फ़ोन एवं लैपटॉप देकर आशीर्वाद दिये





## कर्मचारियों को भी प्रधान मंत्री के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर भेट दी गई ।









## उम्मीद फाउंडेशन से आये नन्हे बच्चों ने माननीया के समक्ष रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी । तारे ज़मीन पर की तर्ज़ पर प्रस्तुति बड़ी ही आनन्दमय थी ।











**सांस्कृतिकी निदेशिका प्रॉफ़ मधुरिमा लाल के निर्देशन में माननीय प्रधान मंत्री जी के गीत पर रचित एक अद्भुत नृत्य रचना विश्वविद्यालय के छात्र छत्राओ ने प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। गीत में स्वयं माननीय मोदी जी के स्वरों पर इस रचना ने संगीत को रसमय बना दिया**















# <u>माननीया कुलाधिपति श्रीमती आनंदी बेन का आशीर्वचन</u>





# प्रोफ़ डी के सिंह के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन करने के उपरान्त राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गई




















ACCRE


TED A++ BY NAA


TED A++ BY NAA




ACCREDITED




श्रीमती आनंदीबेन पटेल
का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन
सितम्बर 17, 2023
प्रो. डी. के. सिंह


लखनऊ विश्वविद्यालय
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्म दिवस
के शुभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में
श्रीमती आनंदीबेन पटेल
का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन
प्रो. संगीता साहू
प्रो. डी. के. सिंह


श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्म दिवस
के शुभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में
श्रीमती आनंदीबेन पटेल
का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन
सितम्बर 17, 2023
प्रधानमंत्री
प्रो. संगीता साहू
प्रो. डी. के. सिंह



# News Portal

## शिक्षा ही प्रगति का एकमात्र रास्ता : राज्यपाल

लखनऊ (एसएनबी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर लखनऊ विश्वविद्यालय के गेट नंबर 2 पर निर्मित गौरव स्थल का रविवार को राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीवेन पटेल ने लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा व कौशल ही प्रगति का एकमात्र रास्ता है।



लखनाऊ विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल श्रीमती आनंदीवेन पटेल ने गेट न.2 पर नवनिर्मित गौरव स्थल की सराहना करते हुए कहा कि आने वाले समय में यह गौरव स्थल अमृत काल की गाथा सुनाएगा। राज्यपाल ने भिक्षावृत्ति में संलिप्त वच्चों एवं वयस्कों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के प्रयासों को अवगत कराया एवं इस पहल की सराहना की ।राज्यपाल ने कहा कि जिस प्रकार भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है, वही भिक्षावृति एक दूसरी ही तस्वीर दिखाती है, जिसे दूर करना एवं भिक्षावृति में संलिप्त लोगों को शिक्षा एवं विकास की मुख्य धारा से जोड़ना हम सभी की जिम्मेदारी होनी चाहिए। प्रत्येक विद्यार्थी से एक-एक गरीव वच्चों को गोद लेने का आह्वान किया, जिससे कि उन सभी को शिक्षा एवं विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के वसुधैव कुटुंवकम की प्रेरणा से ही विश्व कल्याण का सपना पूरा कर सकते है। कार्यक्रम के प्रारंभ में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन की वधाई दी एवं राज्यपाल का विश्वविद्यालय में अभिनंदन किया। राज्यपाल को आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय उनके मार्गदर्शन के अनुसार विकास के पथ पर अग्रसर है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के 10 छात्र-छात्राओं को टेवलेट वितरित किया गया। विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत कुशल श्रमिकों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ.विनोद कुमार सिंह, चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर राकेश द्विवेदी, विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर अनिल मिश्रा, दुर्गेश श्रीवास्तव, गीतांजलि मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी समेत अन्य विभाग अध्यक्ष व कर्मचारी मौजूद थे ।

■ विश्वविद्यालय गेट नंबर 2 पर निर्मित गौरव स्थल का राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया लोकार्पण

## Guv opens selfie corner at LU's Gate No 2

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** Governor Anandiben Patel, who is also the chancellor of all state universities, inaugurated a 'selfie corner' named as 'Gaurav Sthal' dedicated to Prime Minister Narendra Modi on his birthday at Lucknow University's gate number two on Sunday.

The governor also distributed gifts to destitute children at LU's newly renovated AP Sen auditorium and watched various cultural programmes presented by the children of Umeed Sansthan and LU students. She also distributed tablets and mobile phones to 10 LU students.



Governor Anandiben Patel inaugurates the selfie point. LU VC Alok Rai and other officials were also present on the occasion

On the occasion, the governor said, "Pradhan Mantri Vishwakarma Yojana has been launched on Sunday by the honorable Prime Minister. This scheme will be helpful in fulfilling dreams of the countrymen, taking them on the path of self-reliance, making the people's life happy and creating a better future and employment opportunities for the youth." She described this scheme as a good effort towards poverty alleviation and said that this would develop the rural economy

Governor appreciated LU for implementing the National Education Policy and said the university's departments are making efforts to make students self-reliant. Skill development and vocational training courses have been included in the curriculum, which is commendable, she added.

# शिक्षा से ही युवा बढ़ सकते हैं आगे : राज्यपाल

जागरण संवाददाता, लखनऊ: राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि देश के विकास के लिए युवाओं को शिक्षा के साथ अपने कौशल को बढ़ाना होगा। नए कौशल विकास संस्थाओं के माध्यम से शिक्षा को कौशल विकास के कार्यक्रमों से जोड़ने का प्रयास भी किया जा रहा है। प्रधानमंत्री की लागू की गई विश्वकर्मा रोजगार योजना लोगों के जीवन को खुशहाल बनाने और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों का सृजन करने वाला है। यह योजना 18 परंपरागत जनजातियों को भी आगे बढ़ाएगा। परंपरागत कौशल को विकसित होने का अवसर मिलेगा। बेरोजगारी दूर करने में सहायक होगा। उन्होंने रविवार को प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर लखनऊ विश्वविद्यालय में बने गौरव स्थल का लोकार्पण किया।



लखनऊ विश्वविद्यालय में गौरव स्थल का लोकार्पण करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, साथ में कुलपति प्रो. आलोक राय और अन्य शिक्षक ● जागरण

राज्यपाल ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री को विश्वकर्मा का सच्चा अनुयायी बताते हुए कहा कि आज देशवासियों को एक बार फिर से कौशल और सम्मान देने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति सबसे पहले लागू होने, मैनेजमेंट और पर्यटन संस्थान की ओर से चलाए जा रहे उद्यमिता सम्मेलन, जूट उत्पादन प्रशिक्षण, एक जिला एक उत्पाद, लखीमपुर की थारू जनजातियों को मछली पालन कृषि की नई तकनीकी की जानकारी देने के प्रयास की सराहना की। भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों को बढ़ाने की अपेक्षा की जिससे विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ कौशल विकास भी हो सके। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह एक- एक जरूरतमंद बच्चे को गोद लें, जिससे उन्हें शिक्षा और विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के 10 छात्र-छात्राओं को टैबलेट भी दिए। भिक्षा से मुक्त होकर मुख्यधारा में शामिल हुए बच्चों को पुरस्कृत किया। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत कुशल श्रमिकों को सम्मानित भी किया। कुलपति प्रो. आलोक राय ने राज्यपाल का स्वागत किया। प्रो. डीके सिंह ने धन्यवाद दिया।

# कौशल को सम्मान देने का प्रयासः राज्यपाल

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को विश्वकर्मा जयंती व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री को समर्पित गौरव स्थल का लोकार्पण किया। उन्होंने एपी सेन सभागार में निराश्रित बच्चों व संरक्षकों को उपहार देकर प्रोत्साहित किया। कुशल श्रमिकों को सम्मानित भी किया।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का शुभारम्भ हुआ है। यह योजना देशवासियों के सपनों को पूरा करने, उन्हें आत्मनिर्भरता के पथ पर अग्रसर करने, जन-जन के जीवन को खुशहाल बनाने एवं युवाओं के लिए बेहतर भविष्य और रोजगार के अवसर को सृजित करने में सहायक होगी। राज्यपाल ने लखनऊ विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति को लागू करने, मैनेजमेंट एवं पर्यटन संस्थान द्वारा चलाये गये उद्यमिता सम्मेलन, जूट उत्पादन प्रशिक्षण एवं विभिन्न प्रकार के कौशल विकास कार्यक्रमों की सराहना की। इस अवसर पर कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय प्रोफेसर आलोक कुमार राय, स्टूडेंट वेलफेयर की डीन प्रो संगीता साहू, अधीक्षक प्रो डीके सिंह, कला संकाय के डीन प्रो अरविंद अवस्थी व अन्य अध्यापक गण, उम्मीद संस्था से आए बच्चे रहे।

## पराग प्लांट में हवन

पराग के सुलतानपुर रोड स्थित आधुनिक प्लांट में महाप्रबंधक विकास बालियान ने कर्मचारियों के साथ विश्वकर्मा भगवान की पूजा और हवन किया। कमल किशोर चंद्रभूषण पांडेय, आरकेबी सिंह रहे।

## आरआई ने की पूजा-अर्चना

ट्रांसपोर्टनगर आरटीओ कार्यालय के सारथी भवन में आरआई प्रशांत कुमार ने मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना की। इस दौरान वहां मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रसाद वितरण किया गया।

# लविवि में गौरव स्थल का उद्घाटन

## राज्यपाल ने छात्र-छात्राओं को दिए टैबलेट, उम्मीद संस्था के बच्चे व प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत कुशल श्रमिक सम्मानित



राज्यपाल ने निराश्रित बच्चों को दिया उपहार। -संवाद

लखनऊ। भगवान विश्वकर्मा की पूजा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर रविवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में गौरव स्थल का उद्घाटन किया गया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल इस मौके पर मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने लविवि के छात्र-छात्राओं को टैबलेट दिए। इसके साथ ही उम्मीद संस्था ने भिक्षावृत्ति से मुक्त हुए बच्चों व प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत कुशल श्रमिकों को सम्मानित भी किया।

कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि यह गौरव स्थल आने वाले समय में अमृतकाल की गाथा सुनाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री को विश्वकर्मा के सच्चे अनुयायी बताते हुए कहा कि आज देशवासियों को एक बार फिर स्किल व सम्मान देने का प्रयास किया जा रहा है। भारत के संपूर्ण विकास के लिए युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ कौशल में भी अनुभवी होना पड़ेगा। इसीलिए सरकार ने नई कौशल विकास संस्थाओं का निर्माण करवाया है। लविवि ने नई शिक्षा नीति 2020 लागू करके शिक्षा को रोगजार से जोड़ने की पहल की है। राज्यपाल ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों से एक-एक बच्चा गोद लेने की अपील की। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सभी का स्वागत किया। कार्य अधीक्षक प्रो. डीके सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। (माई सिटी रिपोर्टर)

# कुलपति ने श्रमिकों को किया सम्मानित



स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय में स्थित आरोग्य भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के आयोजन का शुभारम्भ किया। इस मौके पर विवि के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने शिविर में कुशल डाक्टरों की टीम से अपना चिकित्सीय परीक्षण कराया। शिविर में निःशुल्क दवाएं भी दी गई। इसी कड़ी में कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने जानकीपुरम स्थित लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में स्थित अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में विश्वकर्मा पूजा में सहभागिता की और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत कुशल श्रमिकों का सम्मान किया। इसके पश्चात कुलपति ने श्रमिकों के कार्यों की सराहना करते हुए समाज में उनक ी महत्वपूर्ण भूमिका योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कुलसचिव डा.विनोद कुमार सिंह, डीन अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय प्रो.एके सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो.संगीता साहू, कुलानुशासक प्रो.राकेश द्विवेदी, डीन प्रवेश प्रो.वीके शर्मा, प्रो. पंकज माथुर, अनित्य गौरव आदि शिक्षक, छात्र और कर्मचारी मौजूद रहे।

# <u>Social Media link of the performance done by the sanskritiki members.</u>

POST SHARED ON SEPT 18, 2023
BY @SANSKRITIKI_UOL

**The Report has been drafted by Anjali Yadav,**

**Research Scholar,**

**Under supervision of Prof. Madhurima Lall,**

**Faculty of commerce.**

**Department of Applied Economics.**